अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी के प्रचार में लगी एजेंसियों को केन्द्रीय सहायता

232. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गैर-हिन्दी भाषी राज्यों में पिछले पांच वर्षों में हिन्दी के माध्यम से प्रवेशिकोत्तर शिक्षा एंव परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है ;

(ख) गैर-हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में लगी राजकीय और स्वंयसेवी संस्थाओं को कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई; और

(ग) सहायता प्राप्त करने वाली ऐसी संस्थाओं के नाम क्या हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) इस विषय पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा न तो सूचना रखी जाती है अथवा न ही एकत्र की जाती है ।

(ख) वर्ष 1985–86 के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों तथा स्वैच्छिक संगठनों को 103.07 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई थी ।

(ग) विवरण संलग्न है । [देखिए परिशिष्ट CXL, अनुपत्र संख्या 7]

नेहरू संग्रहालय, दिल्ली द्वारा स्वाधीनता सेनानियों का साक्षात्कार

233. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) नेहरू संग्रहालय, दिल्ली द्वारा अब तक किन-किन तथा कितने स्वाधीनता सेनानिगों का व्यापक साक्षात्कार किया गया है; और

(ख) उनके कब तक प्रकाशित कर दिए जाने की संभावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय द्वारा अब तक 703 स्वतंत्रता सेनानियों का साक्षात्कार किया गया है । उनके नामों की एक सूची संलग्न है । [देखिए परिशिष्ट CXL, अनुपत्र संख्या 8]

(ख) साक्षात्कार के माध्यम से सृजित मौखिक सामग्री नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तक लय के अभिलेखागार में अध्येताओं के परामर्श के लिए टंकित प्रति में रखी जाती है और इसे प्रकाशित नहीं किया जाता है, क्योंकि यह विशेषज्ञों के महत्व की होती है ।

उत्तर प्रदेश में रेल सेवाओं का विस्तार

234. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू योजनावधि के दौरान उत्तर प्रदेश में क्रियान्वित की जाने वाली रेल सेव विस्तार संबंधी प्रस्तावित बड़ी परियोजनाओं के नाम क्या हैं;

(ख) उन पर कितनी लागत आएगी; और

(ग) इन्हें कब तक पूरा किए जाने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव-राव सिंधिया) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित नयी लाइन और आमान परिवर्तन परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है :